प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 24.07.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने सीतापुर में प्राइमरी स्कूलों के विलय पर लगाई रोक : 21 अगस्त को अगली सुनवाई तक यथास्थिति बनाये रखने का दिया आदेश।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में 26वीं वाहिनी पीएसी के जवानों के लिये बैरक टॉवर का किया लोकार्पण : नव नियुक्त प्रशिक्षुओं से पूरी प्रतिबद्धता के साथ प्रशिक्षण पूरा करने का किया आह्वान।
3. वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर में हरियाली तीज पर चार घंटे अतिरिक्त खुलेगा मंदिर : भीड़ को देखते हुए भक्तों से नियमों का पालन करने की, की गई अपील। और
4. प्रदेश में गर्मी और उमस से परेशान लोगों को मिलेगी राहत : मौसम विभाग ने 50 से अधिक जिलों में कल से पांच दिनों तक मध्यम से तेज बारिश का जताया पूर्वानुमान।

———————————

इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिले में प्राथमिक विद्यालयों के विलय पर अगली सुनवाई 21 अगस्त तक रोक लगा दी है। न्यायालय

ने स्पष्ट किया कि यह रोक केवल सीतापुर पर लागू है, अन्य जिलों पर नहीं, जहाँ विलय लागू किया जा रहा है।

इससे पहले, अदालत की एकल पीठ ने बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों के विलय के सरकारी कदम पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। उत्तर प्रदेश के प्राथमिक स्कूलों की विलय प्रक्रिया में उजागर हुई कथित अनियमितताओं के मद्देनजर हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ में मुख्य न्यायाधीश अरुण भसाली और न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने सीतापुर जिले में यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश दिया है।

अदालत का यह फैसला उन याचिकाकर्ताओं की दलीलें सुनने के बाद आया, जिन्होंने विलय का विरोध किया था और छात्रों के लिए बढ़ती यात्रा दूरी और शिक्षा प्राप्त करने में संभावित कठिनाइयों पर चिंता जताई थी। दूसरी ओर, राज्य सरकार ने तर्क दिया कि विलय छात्रों के सर्वोत्तम हित में है।

———————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने गोरखपुर दौरे के दूसरे दिन आज विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने 26वीं वाहिनी पीएसी परिसर में 11 मंजिला बैरक टावर का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश बेहतर कानून व्यवस्था का मानक देशभर में प्रस्तुत कर रहा है। उन्होंने कहा कि आज से 8

साल पहले प्रदेश में पुलिस ट्रेनिंग की क्षमता बहुत कम थी। आज 60 हजार से अधिक नव प्रशिक्षु एक साथ उत्तर प्रदेश पुलिस के प्रशिक्षण केन्द्रों और पीएसी वाहिनी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। श्री योगी ने नव नियुक्त प्रशिक्षुओं से पूरी प्रतिबद्धता के साथ प्रशिक्षण पूरा करने का आह्वान किया। बाइट.....

*पुलिस ने तकनीक को कैसे अपनाना है। इसके बारे में भी आपको ये ट्रेनिंग मिलेगी। फॉरेंसिक साइंस में क्या करना है। साइबर फ्रॉड को रोकने के लिए क्या करना है? डिजिटल अरेस्ट से बचने के लिए क्या कार्रवाई और क्या सावधानी बरतनी है इसके लिए और मिशन शक्ति के लिए प्रदेश सरकार के द्वारा चलाई जाने वाली महिला सुरक्षा, उनके सम्मान और उनके स्वावलंबन के लिए चलाए जाने वाले कार्यक्रम के साथ महिला बीच पुलिस अधिकारी के रूप में आपके क्या उत्तरदायित्व होंगे। इन सभी उत्तरदायित्वों को एक साथ निर्वहन करने के सभी गुण इस ट्रेनिंग के दौरान आपको सीखने को मिलेंगे।*

इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने गोरखपुर के असुरन चौराहे पर लोकनायक जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा का अनावरण किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सच्चे अनुयायी जयप्रकाश नारायण ने अपना जीवन भारत और जीवन मूल्यों के लिए लगाया था। बाइट.....

*राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सच्चे अनुयायी श्री जयप्रकाश नारायण जी जीवन प्रेम भारत और भारतीयता के लिए उन जीवन मूल्यों के लिए उन्होंने अपना जीवन आगे बढ़ाया था जिस पर भारत की मजबूत नीव टिकी हुई है।*

———————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में गोरखपुर और बस्ती मंडल के जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एनेक्सी भवन में समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने सडक निर्माण परियोजनाओं का डिजिटल प्रेजेंटेशन भी देखा। एक रिपोर्ट....

*बैठक के दौरान सड़क कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करने पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने सड़क निर्माण परियोजनाओं को तय समय में पूरा करने और गुणवत्ता में कोई भी समझौता न करने के अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से अपने–अपने क्षेत्र की सड़कों के निर्माण कार्य की मानिटरिंग करते रहने के लिये कहा, ताकि गुणवत्ता प्रभावित न हो। मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सड़कों के सुदृढ़ीकरण के लिये विशेष कार्ययोजना तैयार करने के भी निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इसके लिये जरूरत पड़ने पर आपदा राहत निधि का इस्तेमाल किया जाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि जन प्रतिनिधि जनता के बीच रहकर विकास कार्यों की चर्चा करे और उनकी आकांक्षाओं के अनुरूप प्रस्ताव शासन को उपलब्ध कराये। समाचार कक्ष से सुषमा कुकरेती।*

———————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

26वीं बटालियन पीएसी गोरखपुर में रिक्रूट महिला आरक्षियों द्वारा व्यक्त की गई समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए राज्य सरकार ने पीएसी कमांडेंट , प्लाटून कमांडर और आईटीसी प्रभारी को निलंबित कर दिया है। इस मामले में अपर पुलिस महानिदेशक पीएसी ने सोशल मीडिया पर एक बयान में कहा है कि उत्तर प्रदेश पुलिस के लिए महिला आरक्षियों की गरिमा, निजता और कल्याण सर्वोच्च प्राथमिकता है।

————————————

केन्द्रीय उर्वरक और रसायन मंत्री जे.पी. नड्डा ने उर्वरक विभाग के सचिव को उत्तर प्रदेश की मांग के अनुरूप यूरिया की आपूर्ति के निर्देश दिये हैं। नई दिल्ली में कल प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने जेपी नड्डा से मुलाकात कर किसानों के लिये यूरिया की निरन्तर आपूर्ति बनाये रखने के लिये विस्तार से चर्चा की। श्री शाही ने केन्द्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी से मुलाकात कर पीएम कुसुम सिंचाई योजना में सोलर पम्प स्थापना के लिये केन्द्र से मिलने वाली धनराशि को शीघ्र अवमुक्त करने का अनुरोध किया।

————————————

वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर में 27 जुलाई को हरियाली तीज का उत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा। इस

दिन मंदिर में ठाकुर जी दर्शन के लिये समय सारिणी में बदलाव किया गया है। बांके बिहारी मंदिर में हरियाली तीज के दिन सुबह सात बजकर 45 मिनट से दोपहर दो बजे तक श्रद्धालु दर्शन कर सकेंगे। वहीं शाम पांच बजे से लेकर रात 11 बजे तक श्रद्धालुओं के लिये मंदिर खुला रहेगा। वहीं मंदिर प्रबंधन ने एडवाइजरी जारी करते हुए श्रद्धालुओं से अनुरोध किया है कि इस दिन होने वाली भीड़ को देखते हुए नियमों का पालन करने के साथ–साथ बच्चे, बुजुर्गो और बीमार लोगों को मंदिर लाने से बचे।

———————————

प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने आज अयोध्या पहुंचकर श्रीरामलला का दर्शन पूजन किया। इसके बाद सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री सिंह ने कहा कि बाढ़ से संभावित किसी भी खतरे से निपटने के लिये हमारी तैयारी पूरी है। उन्होंने कहा कि राज्य में फिलहाल बाढ़ का कोई खतरा नहीं है। बाइट.....

*हमारे जितने भी बंदे हैं वो भी सुरक्षित है। इसलिए बाढ़ का कोई परेशानी नहीं है और इस समय सिंचाई के लिए भी नहरों में पानी भी हम दे रहे हैं। यही कि नदियों में पानी कम है। फिर भी सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी दे रहा हूं। सभी उत्तर प्रदेश के सभी नदियों में यहां भी लखीमपुर से हमारी पच्चीस जिलों को नदियां कवर करती है। नहरें हमारी पच्चीस जनपदों में जाती है, लखीमपुर से पानी।*

———————————

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल अपने दो दिवसीय दौरे पर मालदीव पहुंचेंगे। मालदीव की राजधानी माले में भारतीय बच्चे प्रसिद्ध छाऊ नृत्य से प्रधानमंत्री का स्वागत करेंगे। बच्चों को नृत्य का प्रशिक्षण दे रही लखनऊ की रहने वाली स्नेहा धिवानी ने बताया कि अपनी कला और सांस्कृतिक धरोहर से प्रधानमंत्री का स्वागत करने के लिये बच्चे बेहद उत्सुक हैं। बाइट......**

*प्रधानमंत्री जी आने वाले हैं उसके लिए हम लोग डांस प्रिपरेशन कर रहे हैं जो की छाव डांस है आईटीएस आ वेरी फेमस डांस और उसको हमें बच्चों को सिखाने में बहुत अच्छा लग रहा है की हम कुछ प्रधानमंत्री जी के लिए कर रहे हैं।*

———————————————

**मौसम विभाग ने प्रदेश के 50 से अधिक जनपदों में कल से मध्यम से तेज बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि बंगाल की खाड़ी के ऊपर निम्न दबाव के चलते पूर्वी उत्तर प्रदेश और राज्य के दक्षिणी भाग में कल से आगामी पांच दिनों तक बारिश की संभावना है। बाइट......**

*पूर्वी उत्तर प्रदेश में पच्चीस जुलाई की सुबह से वर्षा की तीव्रता एवं क्षेत्रीय वितरण में बढ़ोतरी होना शुरू हो जाएगी तथा धीरेधीरे यह पश्चिम दिशा में आगे बढ़ेगी जिसके कारण कि अगले पाँच छह दिनों तक प्रदेश के दक्षिणी हिस्सों में और तीन दिनों के बाद प्रदेश के पश्चिमी हिस्सों में फेयरली वाइड स्प्रेड टू वाइड स्प्रेड रेन और हेवी रेन के साथ होने की संभावना है।*

**(समाप्त)**